रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ केसरी
13 जनवरी 2021

'आई.जी.यू. में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित'

रेवाड़ी, 12 जनवरी (वधवा): जिला के गांव मीरपुर स्थित इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा मंगलवार को ऑनलाइन माध्यम से अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष के प्रथम सत्र में दाखिल हुए विद्यार्थियों ने भाग लिया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुण्डीर ने की। शिक्षिका गीतांजलि ने सभी का स्वागत किया। सर्वप्रथम विभाग की शिक्षिका कर्मवती यादव ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की नींव, रूप-रेखा, औषधीय वाटिका, कोर्सों तथा विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए छात्रावास, बैंक, प्रयोगशालाओं तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के निवारण हेतु गठित विभिन्न प्रकोष्ठों के बारें में विस्तार से बताया, जो उनकी समस्याओं के निवारण आन्तरिक रूप से करने में सक्षम है।

निशा यादव ने विद्यार्थियों को विभाग के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों के बारे में जानकारी दी।

इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उपस्थित विभागाध्यक्ष डा. रश्मि व अन्य। (वधवा)

उन्होंने विभाग में विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए प्रयोगशाला के विभिन्न प्रकार के उपकरणों के बारें में विस्तार से बताया। विधि विभाग के डॉ. संदीप यादव को एक विशिष्ट व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने इस व्याख्यान में विद्यार्थियों को कानून व नीतियों के साथ-साथ प्रणाली के बारें में भी विस्तार से बताया।

विभाग की लक्ष्मी देवी ने सभी विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य एवं प्रायोगिक कार्यों में कौन-कौन सुरक्षाओं को अपनाने के बारें में वर्णन किया। गीतांजली ने विद्यार्थियों को नए सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम की जानकारी, स्वयं-अध्ययन और सेमिनार पेपर के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।